No. of Printed Pages : 12 **DECE-1**

# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (DECE)

## Term-End Examination

## June, 2022

## DECE-1 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *(i) Question No.* ***1*** *is compulsory.*

*(ii) Answer any other* ***four*** *questions.*

*(iii) You have to do* ***five*** *questions in all.*

1. (a) A teacher prepared the following schedule of activities for one day for her group of 25 children 4 years of age in a preschool.

Is the schedule for the day appropriate or not appropriate for the children ? Give reasons for your answer. If you think the schedule is not appropriate, then give an alternative schedule : 15

| **Time Duration** | **Activity** |
|---|---|
| 9.00 a.m.–9.30 a.m. | Children's arrival in the centre, welcome, prayer |

| | |
|---|---|
| 9.30 a.m.–10.00 a.m. | Activity on the theme 'Colours'. children identify Objects of different colours in the classroom |
| 10.00 a.m.–10.30 a.m. | Activity on theme 'Shapes'. Teacher shows cut-outs of different shapes and makes children learn their names; children draw the shapes on a paper. |
| 10.30. a.m.–11.00 a.m. | Snack time, toilet, rest |
| 11.00 a.m.–11.30 a.m. | Activity on theme 'My Family'. Teacher discusses about family and asks children about their families. |
| 11.30 a.m.–12.00 noon | Activity on theme 'Transport'. Teacher discusses about different types of transport |
| 12.00 noon | Departure of children. |

(b) For each activity below, state any *one* area of development fostered through it. 5

The first one has been done as an example for you :

| | **Activity** | | **Area of Development** |
|---|---|---|---|
| (i) | Putting beads in the string | (1) | Fine motor development |
| (ii) | Playing out-door games in a group | | |
| (iii) | Painting | | |
| (iv) | Arranging a jig saw puzzle | | |
| (v) | Visit to the zoo | | |
| (vi) | Role play | | |

2. Describe any *two* features of a child's thinking during the pre-operational stage of development (preschool years), with examples.

10+10

3. (a) Explain, what is meant by 'altruistic' behaviour and 'empathy'. How can parents inculcate these behaviours in their children ? 10

   (b) Why is it important for children to develop a sense of autonomy during toddlerhood ? Explain. 10

4. (a) A preschool teacher wants your guidance regarding the skills and attitudes. She should consider while selecting teachers and caregivers for her centre. What suggestions will you give her ? 15

   (b) List any *five* aspects you will consider when selecting play materials for infants. 5

5. Describe one play activity a preschool teacher can organize for each of the following : 5×4=20

   (i) Cognitive development of 4 years old

   (ii) Language development of 5 years old

   (iii) Fine motor development of 2 years old

   (iv) Imagination of 4 years old

   State the materials required, if any, for each activity. In all you have to describe *four* activities.

6. (a) Describe the stages of language development in the first two years, with examples. 15

(b) State any *two* ways in which parents can foster the development of child's language during the first two years. 5

7. Describe any *two* of the following : 10 +10

(a) Importance of play in children's development

(b) Styles of parental behaviour

(c) Ways of involving parents in activities of an early childhood centre

(d) Milestones of gross motor development in first two years.

# DECE-1

# प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा ( डी. ई. सी. ई. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2022

## डी. ई. सी. ई.-1 : बच्चों के लिए देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *(i) प्रश्न सं.* ***1 अनिवार्य*** *है।*

*(ii) शेष प्रश्नों में से किन्हीं* **चार** *के उत्तर दीजिए।*

*(iii) आपको कुल मिलाकर* **पाँच** *प्रश्न करने हैं।*

---

1. (क) आगे शालापूर्व केन्द्र में आ रहे चार वर्षीय 25 बच्चों के समूह के लिए एक अध्यापिका द्वारा तैयार की गई एक दिन की क्रियाओं की अनुसूची दी गई है।

बताइए कि क्या बच्चों के लिए यह एक दिन की अनुसूची उपयुक्त है या नहीं ? अपने उत्तर के

कारण बताइए। आपके विचार में अगर अनुसूची उपयुक्त नहीं है, तो एक वैकल्पिक अनुसूची बनाइए : 15

| समय | क्रियाकलाप/क्रिया |
| --- | --- |
| प्रातः 9.00 बजे से 9.30 बजे तक | बच्चों का केन्द्र में आना, स्वागत, सभा |
| प्रातः 9.30 से 10.00 बजे तक | 'रंग' वर्ण्य-विषय पर क्रियाकलाप। बच्चों का कक्षा में रखी वस्तुओं के रंगों को पहचानना |
| प्रातः 10.00 बजे से 10.30 बजे तक | 'आकृति' वर्ण्य-विषय पर क्रियाकलाप। अध्यापिका का बच्चों को भिन्न-भिन्न आकृतियों वाले कट-आउट दिखाना और बच्चों को उनके नाम सिखाना, बच्चों का |

| | |
|---|---|
| | कागज पर उन आकृतियों को बनाना |
| प्रातः 10.30 बजे से 11.00 बजे तक | अल्पाहार, शौचादि, विश्राम |
| प्रातः 11.00 बजे से 11.30 बजे तक | 'मेरा परिवार' वर्ण्य-विषय पर क्रियाकलाप। अध्यापिका का परिवार विषय पर चर्चा करना और बच्चों से उनके परिवारों के बारे में पूछना |
| प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक | 'परिवहन' वर्ण्य-विषय पर क्रियाकलाप। अध्यापिका द्वारा विभिन्न प्रकार के वाहनों पर चर्चा करना |
| दोपहर 12.00 बजे | बच्चों की वापसी |

(ख) निम्नलिखित प्रत्येक क्रियाकलाप द्वारा प्रमुख रूप से विकास के जिस किसी भी **एक** क्षेत्र को बढ़ावा मिलता है वह बताइए। पहली क्रिया उदाहरण के रूप में दी गई है : 5

| | **क्रियाकलाप/ क्रिया** | | **विकास का क्षेत्र** |
|---|---|---|---|
| (i) | धागे में मोती पिरोना | (1) | सूक्ष्म-क्रियात्मक विकास |
| (ii) | समूह में बाहरी खेल खेलना | | |
| (iii) | पेंटिंग | | |
| (iv) | जिग-सॉ पहेलिका को लगाना | | |
| (v) | चिड़ियाघर का दौरा | | |
| (vi) | भूमिका अभिनय | | |

2. उदाहरण सहित विकास की पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था (शालापूर्व वर्ष) के दौरान बच्चे की विचारशक्ति की किन्हीं **दो** विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 10+10

3. (क) 'परोपकारिता' और 'समानुभूति' से क्या अभिप्राय है, स्पष्ट कीजिए। माता-पिता अपने बच्चों में इन व्यवहारों को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं? 10

   (ख) 13 से 36 माह की अवस्था में बच्चों में स्वायत्तता की भावना का विकसित होना क्यों महत्वपूर्ण है? वर्णन कीजिए। 10

4. (क) केन्द्र के अध्यापकों और देखभालकर्ताओं का चयन करते समय किन कौशलों व मनोवृत्तियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, इस संबंध में शालापूर्व अध्यापिका आपका मार्गदर्शन चाहती है? इस संबंध में आप उसे क्या सुझाव देंगे? 15

   (ख) शिशुओं के लिए खेल सामग्रियों का चयन करते समय आप जिन **पाँच** पहलुओं को ध्यान में रखेंगे, उनका वर्णन कीजिए। 5

5. निम्नलिखित प्रत्येक के लिए शालापूर्व अध्यापिका जो एक खेल–क्रिया आयोजित कर सकती है, उसका वर्णन कीजिए : $5 \times 4 = 20$

(i) चार वर्षीय बच्चों का संज्ञानात्मक विकास

(ii) पाँच वर्षीय बच्चों का भाषायी विकास

(iii) दो वर्षीय बच्चों का सूक्ष्म–क्रियात्मक विकास

(iv) चार वर्षीय बच्चों की कल्पनाशक्ति

प्रत्येक खेल–क्रिया के लिए अपेक्षित सामग्रियाँ, यदि कोई हों तो, बताइए। आपको कुल **चार** खेल–क्रियाओं का वर्णन करना है।

6. (क) उदाहरण देते हुए, प्रथम दो वर्षों में भाषायी विकास की अवस्थाओं का वर्णन कीजिए। 15

(ख) ऐसे कोई **दो** तरीके बताइए जिनसे माता–पिता प्रथम दो वर्षों के दौरान अपने बच्चे के भाषायी विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। 5

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए : 10+10

(क) बच्चों के विकास में खेल का महत्व

(ख) माता-पिता के व्यवहार की शैली

(ग) प्रारम्भिक बाल्यावस्था केंद्र में माता-पिता को सम्मिलित करने के तरीके

(घ) प्रथम दो वर्षों में स्थूल क्रियात्मक विकास के मानदण्ड